आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 19.04.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- श्री गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट आज श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये। इसके साथ ही चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हुआ।
- भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली ने ओंकारेश्वर मंदिर से धाम के लिए प्रस्थान किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– वंशवादी दलों का डर ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध का मुख्य कारण।
- **और..** गढ़वाल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में 16 गढ़वाल ने 12 गढ़वाल को हराया

---

**गंगोत्री–यमुनोत्री के कपाट**

अक्षय तृतीया पर यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट आज मत्रोच्चारण और जय घोष के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये हैं। इस दौरान हजारों श्रद्धालु कपाट खुलने के साथी बने।

यमुनोत्री धाम के कपाट दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर खोले गये जबकि गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए 12 बजकर 15 मिनट पर खोले गये। दोनों धामों के कपाट खुलने के साथ ही प्रदेश में चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया है। वहीं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस की ओर से गंगोत्री व यमुनोत्री धाम यात्रा को दो सुपरजोन, 12 जोन और 30 सेक्टर में बांटकर सुपरजोनल, जोनल व सेक्टर पुलिस अधिकारियो को नियुक्त किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से छह विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की गई है। गंगोत्री में एक मेडिकल ऑफिसर, जानकीचट्टी और यमुनोत्री में कुल सात मेडिकल आफिसर तैनात रहेंगे। साथ ही गंगोत्री में दस और यमुनोत्री और जानकीचट्टी में 24 स्वास्थ्य मित्र रखे गए हैं। स्क्रीनिंग प्वाइंट हीना में दो मेडिकल ऑफिसरों के साथ 10 स्वास्थकर्मी दो शिफ्ट में तैनात रहेंगे।

---

**बाबा केदार की डोली**

22 अप्रैल से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा को सुचारु और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन, पुलिस और मंदिर समिति द्वारा सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा–अर्चना और परंपरागत रीति–रिवाजों के बीच आज सुबह शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर से धाम के लिए रवाना हुई। इस दौरान भक्तों ने पुष्प वर्षा कर बाबा केदार का आशीर्वाद लिया। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली कल सुबह फाटा से प्रस्थान कर रात्रि प्रवास के लिए गौरी माई मन्दिर गौरीकुंड पहुंचेगी और 21 अप्रैल को गौरीकुंड

से केदारनाथ धाम पहुंचकर भण्डार गृह मे विराजमान होगी। 22 अप्रैल को सुबह आठ बजे शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

---

**अक्षय तृतीया की बधाई**

राज्यपाल लेफ्टनेंट जरनल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को अक्षय तृतीया की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिवर्ष बैशाख माह की तृतीया तिथि को मनाये जाने वाला यह पर्व मांगलिक कार्यों के लिए शुभ माना जाता है। यह पर्व हम सबके जीवन में सौभाग्य एवं समृद्धि लेकर आए।

---

**गढ़वाल कप फुटबॉल**

लैसडौन के गढ़वाल राइफल्स के डायस स्टेडियम मे खेले गये गढ़वाल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में 16 गढ़वाल ने 12 गढ़वाल को एक शून्य से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। जबकि 15 गढ़वाल की टीम तीसरे स्थान पर रही। विजेता टीम को कमांडेंट इन्फेंट्री स्कूल मऊ के लेफ्टिनेंट जनरल गजेंद्र जोशी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में 15 टीमों ने भाग लिया था। सेंटर के कमांडेंट, ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने कहा कि भविष्य में गढ़वाल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन और भी भव्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेना में खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर दिए जाते हैं और इसके लिए बेहतर खेल कोच सेना में उपलब्ध हैं। उन्होंने अग्निवीर भर्ती में युवाओं से बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की भी अपील की।

---

**बागेश्वर में भूकंप के झटके**

बागेश्वर जिले में आज सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए।

जिला आपदा अधिकारी शिखा सुधारने बताया कि भूकंप का पहला झटका सुबह 10 बजकर 32 मिनट के बीच महसूस किये गये। इसकी तीव्रता रिकटेल स्केल पर 3 दशमलब एक मापी गई। दूसरा झटका 10 बजकर 46 मिनट के लभगभ, जिसकी तीव्रता 2 दशमलब 6 मापी गई। भूकंप का केंद्र बागेश्वर क्षेत्र में लगभग 5 किलोमीटर की गहराई पर स्थित रहा। जिला आपदा अधिकारी शिखा सुधारने बताया कि तहसीलों फिलहाल कहीं से नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

---

**टीबी मुक्त भारत अभियान**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत हरिद्वार जिला कारागार में कैदियों की टीबी की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से हैंडहेल्ड डिजिटल चेस्ट एक्स–रे से 137 बंदियों में टीबी की जांच की गई। आधुनिक हैंडहेल्ड डिजिटल एक्स–रे मशीन और टीबी पहचान के लिए विशेष एआई सॉफ्टवेयर से जांच की गई। एक्स–रे रिपोर्ट के आधार पर किसी भी बंदी में टीबी के लक्षण नहीं मिले। इस दौरान बंदियों को टीबी से सावधानी और सतर्कता बरतने की सलाह भी दी गई।

---

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्रहित को सर्वोपरि बताया और कहा कि सरकार के निष्ठापूर्ण प्रयासों के बावजूद नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन से जुड़ा विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका, जिसके लिए वह सभी माताओं और बहनों से क्षमा मांगते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंशवादी दलों का डर ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध का मुख्य कारण है। उन्होंने इस व्यवहार को महिलाओं की गरिमा और आत्मसम्मान पर आघात बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन समय की मांग है और यह उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम सहित सभी क्षेत्रों में संतुलित सशक्तिकरण सुनिश्चित करने का एक प्रयास था। श्री मोदी ने कहा कि इस विधेयक का विरोध करके कांग्रेस ने खुद को सुधार–विरोधी दल साबित कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा से हर सुधार पर निष्क्रिय रुख अपनाती रही है और उनकी कार्य संस्कृति में विलंब करना, ध्यान भटकाना और बाधा डालना शामिल है।

---

**रक्षामंत्री**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में मंत्री समूह की एक बैठक में पश्चिम एशिया की स्थिति की समीक्षा और भारत की तैयारियों का आकलन किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति अनिश्चित और अस्थिर है, इसलिए भारत को हर स्थिति के लिए तैयार रहना होगा। बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत 'भारत समुद्री बीमा पूल' के गठन को भी मंजूरी दी गई। इससे भारतीय जहाजों और माल को जोखिम भरे समुद्री मार्गों से गुजरते समय भी किफायती बीमा मिलता रहेगा। बैठक में बताया गया कि वैश्विक आपूर्ति चुनौतियां हैं और अमरीका की कड़ी शर्तों के कारण तेहरान फिलहाल नए दौर के प्रत्यक्ष वार्ता के लिए तैयार नहीं है।

---

**केंद्रीय कृषि**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि क्षेत्र की वर्तमान स्थिति और आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मंत्री ने किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि सरकार अल नीनो के संभावित प्रभाव से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

---